प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **07-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- थाना बिलारी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधीयों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधों में संलिप्त अपराधियों, वांछित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.06.2025 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा वारण्टीं अभियुक्त 1-भजनलाल पुत्र रामकिशन, 2- हुक्मी पुत्र रामकिशन निवासीगण ग्राम भूडमरेशी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट मुकदमा नं0 3671/09 अ0सं0 परिवाद धारा-323/504/506 भादवि0 को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार वारण्टीः-

1-भजनलाल पुत्र रामकिशन,

2- हुक्मी पुत्र रामकिशन निवासीगण ग्राम भूडमरेशी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- उ0नि0 विनय कुमार थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

2- उ0नि0 अरूण कुमार थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

3-कां0 गौरव कुमार थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ।

2- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 04 आरोपीयों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 04 आरोपीयों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया। विवरण थानावार निम्न है ।

थाना मझोला- 01, **थाना बिलारी-** 01, **थाना कांठ-** 02,

3-थाना भगतपुर पुलिस द्वारा, घर से बिना बताये गये गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 06.06.2025 को वादी निवासी थाना भगतपुर क्षेत्रान्तर्गत ने थाना भगतपुर पर उपस्थित होकर अपने पुत्र उम्र करीब 14 वर्ष के जो मानसिक रूप से कमजोर व जिसका इलाज चल रहा है के घर से बिना बताये कहीं चले जाने तथा तलाश करने पर न मिलने के संबंध में तहरीर दी, इस सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0 143/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना भगतपुर पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुये तलाश की गई जिसके दौरान आज दिनांक 07.06.2025 को उक्त गुमशुदा बच्चे को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया।

बच्चे द्वारा बताया गया कि घर से दोस्तो के साथ खेलने गया था घर से बाहर जाकर घर का रास्ता भूल कर दिल्ली चला गया था। दिल्ली से ट्रेन से वापस मुरादाबाद आ गया था। गुमशुदा के पिता द्वारा बताया गया कि उक्त बच्चा मानसिक रूप से कमजोर है जिसका इलाज चल रहा है। यह कभी-कभी सब कुछ भूल जाता है।